**NEWS CLIPPING: 09.09.2021**

**THE TRIBUNE**

# ENTRANCE EXAM FOR PG, PHD COURSES

**Faridabad:** The entrance examination for the admission to PG and PhD courses in various teaching departments of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad has begun. More than 2,000 students are appearing in these examinations, which will be held till September 12. Keeping in view of Covid guidelines, the entrance examinations are being conducted in two shifts.

The Tribune Thu, 09 September 202
https://epaper.tribun

**NEWS CLIPPING: 09.09.2021**

## THE TRIBUNE

# MoU ON SOLAR TECHNOLOGY

**Faridabad:** To provide students exposure on emerging technologies, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad has signed a memorandum of understanding (MoU) with Bareja Solar and Projects Private Limited to work on collaborative programmes and industrial internship for the benefit of students. VC Prof Dinesh Kumar said renewable energy had huge potential on providing solutions to increasing energy crisis and it was the key to the future of energy. He hoped that the partnership would promote expertise in training and consultancy in accordance with engineering standards in different industrial systems as well as expertise in renewable energy, specifically Solar Energy and other high technological products that could help students and academia in acquiring skills and become industry ready.

The Tribune Thu, 09 September 2021
https://epaper.tribunein

**NEWS CLIPPING: 09.09.2021**

## THE TRIBUNE

### FACULTY DEVELOPMENT PROGRAMME

**Faridabad:** The department of civil engineering of JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad is organising a week-long Faculty Development Programme (FDP) on 'Research writing and professional ethics'. Speaking on this occasion, Prof Dinesh emphasised on the quality of research and spoke about the importance of research publication in reputed journals.

The Tribune Thu, 09 September 202
https://epaper.tribun

**NEWS CLIPPING: 09.09.2021**


## PUNJAB KESARI

# पीजी और पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षाएं शुरू

फरीदाबाद, 8 सितम्बर(पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा विभिन्न शैक्षणिक विभागों द्वारा संचालित पीजी तथा पीएचडी डिग्री पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन आज प्रारंभ हो गया। इन परीक्षाओं में लगभग दो हजार से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे।

प्रवेश परीक्षा का आयोजन कोविड दिशा-निर्देशों की अनुपालना में विश्वविद्यालय के नवनिर्मित विज्ञान खण्ड, मैकेनिकल खण्ड, प्रशासनिक खण्ड एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग खण्ड प्रातः एवं सायं सत्र में किया जा रहा है। प्रातः सत्र में परीक्षाएं 11 बजे से 12:30 बजे तक तथा सायं के सत्र में दोपहर 2:30 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जा रही हैं। पहले दिन आज प्रातः सत्र में एमएससी (फिजिक्स) और सायं सत्र में एमएससी (मैथ) में दाखिलों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी पांच दिवसीय प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 9 सितम्बर को प्रातः सत्र में एमएससी (कैमिस्ट्री) एवं सायं सत्र में एमएससी (एनवायरमेंट साइंस) में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसी तरह से 10 सितम्बर को प्रातः सत्र में एमएससी (बायो टेक्नोलॉजी) एवं एमसीए और सायं सत्र में एमएससी (माइक्रो बायोलॉजी), 11 सितम्बर को प्रातः सत्र में एमएससी (बोटनी) व सायं के सत्र में एमएससी (जूलॉजी) और 12 सितम्बर को प्रातः सत्र में एमबीए में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 11 सितम्बर को किया जाएगा।



*विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षाएं देते हुए विद्यार्थी।* *(छाया: एस शर्मा)*

**NEWS CLIPPING: 09.09.2021**

**PIONEER**

# पीजी और पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं प्रारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**जेसी बोस** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा विभिन्न शैक्षणिक विभागों द्वारा संचालित पीजी तथा पीएचडी डिग्री पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन प्रारंभ हो गया। इन परीक्षाओं में लगभग दो हजार से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे।

प्रवेश परीक्षा का आयोजन कोविड दिशा-निर्देशों के अनुपालन में विश्वविद्यालय के नवनिर्मित विज्ञान खण्ड, मैकेनिकल खण्ड, प्रशासनिक खण्ड एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग खण्ड प्रात: एवं सायं सत्र में किया जा रहा है। प्रात: सत्र में परीक्षाएं 11 बजे से 12:30 बजे तक तथा सायं के सत्र में दोपहर 2:30 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जा रही हैं। पहले दिन प्रात: सत्र में एमएससी (फिजिक्स) और सायं सत्र में एमएससी (मैथ) में दाखिलों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा जारी पांच दिवसीय प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 9 सितम्बर को प्रात: सत्र में एमएससी (कैमिस्ट्री) एवं सायं सत्र में एमएससी (एनवायरमेंट साइंस) में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 09.09.2021**

## SATYAJAY TIMES

# पीजी और पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं प्रारंभ

फरीदाबाद, 08 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा विभिन्न शैक्षणिक विभागों द्वारा संचालित पीजी तथा पीएचडी डिग्री पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन आज प्रारंभ हो गया। इन परीक्षाओं में लगभग दो हजार से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे।



प्रवेश परीक्षा का आयोजन कोविड दिशा-निर्देशों की अनुपालना में विश्वविद्यालय के नवनिर्मित विज्ञान खण्ड, मैकेनिकल खण्ड, प्रशासनिक खण्ड एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग खण्ड प्रातः एवं सायं सत्र में किया जा रहा है। प्रातः सत्र में परीक्षाएं 11 बजे से 12:30 बजे तक तथा सायं के सत्र में दोपहर 2:30 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जा रही हैं। पहले दिन आज प्रातः सत्र में एमएससी (फिजिक्स) और सायं सत्र में एमएससी (मैथ) में दाखिलों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा जारी पांच दिवसीय प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 9 सितम्बर को प्रातः सत्र में एमएससी (कैमिस्ट्री) एवं सायं सत्र में एमएस्सी (एनवायरमेंट साइंस) में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। इसी तरह से 10 सितम्बर को प्रातः सत्र में एमएससी (बायो टेक्नोलॉजी) एवं एमसीए और सायं सत्र में एमएससी (माइक्रोबायोलॉजी), 11 सितम्बर को प्रातः सत्र में एमएससी (बोटनी) व सायं के सत्र में एमएससी (जूलॉजी) और 12 सितम्बर को प्रातः सत्र में एमबीए में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 11 सितम्बर को किया जायेगा।

**NEWS CLIPPING: 09.09.2021**

## SATYAJAY TIMES

# गुणवत्तापूर्ण शोध पर एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम प्रारंभ

**फरीदाबाद, 08 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा रिसर्च राइटिंग एंड प्रोफेशनल एथिक्स पर एक सप्ताह तक चलने वाले फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. दिनेश ने गुणवत्तापूर्ण शोध पर जोर दिया और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में शोध प्रकाशन के महत्व के बारे में बताया। अपने संबोधन में उन्होंने अनुसंधान और बहु-विषयक अनुसंधान के उभरते क्षेत्र पर काम करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जालंधर में उद्योग और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के डीन, प्रो. आर. के. गर्ग ने गुणवत्तापूर्ण शोध से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कोविड-19 की तीसरी लहर के पूवार्नुमान मॉडल और इसके प्रभाव को कम करने के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा काम करने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शोध पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन इंजीनियरिंग और विज्ञान के शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए लाभकारी होगा तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शोध और प्रकाशन के लिए प्रेरित करेगा। डीन (एफईटी) प्रो. एमएल अग्रवाल ने फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश भर के 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 152 प्रतिभागी कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन सिविल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य डॉ विशाल पुरी और डॉ रजनी सग्गू द्वारा किया जा रहा है।



**NEWS CLIPPING: 09.09.2021**

**AMAR UJALA**

# पीजी-पीएचडी दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं शुरू

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विवि में पीजी और पीएचडी डिग्री पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गईं। परीक्षाओं में दो हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। कोविड दिशा-निर्देशों की अनुपालना में नवनिर्मित विज्ञान खण्ड, मैकेनिकल खंड, प्रशासनिक खंड एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग खंड में सुबह-शाम की दो पालियों में परीक्षा का संचालन किया जाएगा।

पहली पाली की परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 12:30 बजे होंगी। दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम चार बजे तक आयोजित की जा रही हैं। पहले दिन में एमएससी फिजिक्स और शाम के सत्र में एमएससी मैथ की प्रवेश परीक्षा ली गई। पांच दिवसीय प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार नौ सितंबर को सुबह के सत्र में एमएससी रसायन विज्ञान व शाम के सत्र में एमएससी पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा आयोजित होगी। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 09.09.2021**

## PUNJAB KESARI

# गुणवत्तापूर्ण शोध पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

फरीदाबाद, 8 सितम्बर(पूजा शर्मा):जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा रिसर्च राइटिंग एंड प्रोफेशनल एथिक्स पर एक सप्ताह तक चलने वाले फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया।

इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. दिनेश ने गुणवत्तापूर्ण शोध पर जोर दिया और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में शोध प्रकाशन के महत्व के बारे में बताया। अपने संबोधन में उन्होंने अनुसंधान और बहु-विषयक अनुसंधान के उभरते क्षेत्र पर काम करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जालंधर में उद्योग और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के डीन, प्रो. आर. के. गर्ग ने गुणवत्तापूर्ण शोध से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कोविड-19 की तीसरी लहर के पूर्वानुमान मॉडल और इसके प्रभाव को कम करने के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा काम करने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शोध पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन इंजीनियरिंग और विज्ञान के शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए लाभकारी होगा तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शोध और प्रकाशन के लिए प्रेरित करेगा। डीन (एफईटी) प्रो. एमएल अग्रवाल ने फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश भर के 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 152 प्रतिभागी कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन सिविल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य डॉ विशाल पुरी और डॉ रजनी सग्गू द्वारा किया जा रहा है।

**NEWS CLIPPING: 09.09.2021**

**HINDUSTAN**

# पीजी के लिए प्रवेश परीक्षाएं शुरू

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में ॉ पीजी और पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। इन परीक्षाओं में लगभग दो हजार से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे।

प्रवेश परीक्षा का आयोजन कोविड दिशा-निर्देशों की अनुपालना में विश्वविद्यालय के नवनिर्मित विज्ञान खण्ड, मैकेनिकल खण्ड, प्रशासनिक खण्ड एवं कंप्यूटर इंजीनियरिंग खण्ड प्रातः एवं सायं सत्र में किया जा रहा है। प्रातः सत्र में परीक्षाएं 11 बजे से 12:30 बजे तक तथा सायं के सत्र में दोपहर 2:30 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जा रही हैं। पहले दिन बुधवार को एमएससी (फिजिक्स) और एमएससी (मैथ) के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।

**NEWS CLIPPING: 09.09.2021**

**HINDUSTAN**

# कार्यक्रम में गुणवत्तापूर्ण शोध पर जोर दिया

**फरीदाबाद।** जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा रिसर्च राइटिंग एंड प्रोफेशनल एथिक्स पर एक सप्ताह तक चलने वाले फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम बुधवार को शुरू किया गया। शुरुआत कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शोध पर जोर दिया और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में शोध प्रकाशन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने अनुसंधान और बहु-विषयक अनुसंधान के उभरते क्षेत्र पर काम करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

**NEWS CLIPPING: 09.09.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# पीजी और पीएचडी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं शुरू

■ वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद

**जेसी बोस** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद की ओर से पीजी व पीएचडी डिग्री पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन बुधवार को प्रारंभ हो गया। इन परीक्षाओं में लगभग 2 हजार से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे। प्रवेश परीक्षा का आयोजन कोविड दिशा-निर्देशों के पालन के साथ विश्वविद्यालय के विज्ञान खंड, मिकैनिकल खंड, प्रशासनिक खंड व कंप्यूटर इंजीनियरिंग खंड में सुबह और शाम सत्र में किया जा रहा है। सुबह के सत्र में परीक्षाएं 11 बजे से साढ़े 12 बजे तक और दोपहर ढाई बजे से 4 बजे तक हो रही हैं। पहले दिन आज सुबह के सत्र में एमएससी (फिजिक्स) और शाम के सत्र में एमएससी (मैथ्स) में दाखिलों के लिए प्रवेश परीक्षा हुई।

**NEWS CLIPPING: 09.09.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# फैकल्टी डिवेलपमेंट प्रोग्राम शुरू

**वस, फरीदाबाद:** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग की ओर से रिसर्च राइटिंग एंड प्रफेशनल एथिक्स पर एक सप्ताह तक चलने वाले फैकल्टी डिवेलपमेंट प्रोग्राम का (एफडीपी) प्रारंभ हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रो. दिनेश ने गुणवत्तापूर्ण शोध पर जोर दिया और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में शोध प्रकाशन के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन सिविल इंजीनियरिंग विभाग के संकाय सदस्य डॉ. विशाल पुरी और डॉ. रजनी सग्गू ने किया।